# जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

## परीक्षा नियंत्रक कार्यालय

फ़ाइल सं. IV/10/मूल्यांकन-II/शैक्षिक कलेंडर/2025 दिनांकः 02 जून, 2025

## परिपत्र

सभी वर्तमान छात्रों को सूचित किया जाता है कि मानसून सत्र 2025 के लिए पंजीकरण शैक्षिक कलेंडर 2025-26 के अनुसार दिनांकः 02.07.2025 से शुरू होगा। पंजीकरण प्रत्यक्ष रूप से पूरा किया जाए तथा पंजीकरण के समय शुल्क का भुगतान किया जाए।

कृपया निम्नलिखित बातों पर ध्यान दिया जाए:

1. मानसून सत्र 2025 के लिए पंजीकरण दिनांकः 02.07.2025 से शुरू होगा और दिनांकः 08.07.2025 तक जारी रहेगा। एड/ड्रॉप की अनुमति दिनांकः 24.07.2025 तक दी जाएगी (छात्रों को कक्षाओं में शामिल होने से पहले अपने फ़ोलियो को सत्यापित करना होगा)। इस तिथि के बाद कोई भी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. दिनांकः 08.07.2025 से 29.07.2025 तक पंजीकरण निम्नानुसार लागू विलंब शुल्क के भुगतान पर किया जाएगा:-

   भारतीय नागरिकः (@पहले 7 दिन के लिए 100/- रु. प्रतिदिन, अगले 7 दिन के लिए अर्थात् 8वें दिन से 14वें दिन तक 200/- रु. प्रतिदिन तथा अगले 7 दिन के लिए अर्थात् 15वें दिन से 21वें दिन तक 500/- रु. प्रतिदिन)।
   विदेशी नागरिकः (@पहले 7 दिन के लिए शिक्षण शुल्क का 5%, अगले 7 दिन के लिए अर्थात् 8वें दिन से 14 दिन तक शिक्षण शुल्क का 10%, तथा अगले और 7 दिन के लिए अर्थात् 15वें दिन से 21 दिन तक शिक्षण शुल्क का 15%)
3. जो छात्र वैध कारणों से पंजीकरण कराने में असमर्थ रहते हैं, वे बाद में पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं और उनके अनुरोध पर केस-टू-केस आधार पर तथा प्रत्येक मामले की योग्यता के आधार पर विचार किया जाएगा, जिसमें विलंब शुल्क निहित हो सकता है।
4. छात्रों को सभी संगत शुल्क, जैसे शिक्षण शुल्क, छात्रावास शुल्क, मेस देय आदि का भुगतान करना होगा।
5. छात्रावास शुल्क पुरानी दरों पर लिया जाएगा। चूंकि, संशोधित छात्रावास शुल्क न्यायालय में विचाराधीन है, अतः संशोधित दरों पर निर्णय माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के परिणामस्वरुप किया जाएगा तथा सभी संबंधित को न्यायालय के निर्णय का अनुपालन करना होगा।
6. छात्रों को पंजीकरण के लिए पुस्तकालय, कुलानुशासक कार्यालय, खेलकूद कार्यालय तथा किसी अन्य संबंधित अनुभाग से अदेयता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। अदेयता प्रमाणपत्र जमा न करने के लिए हुई देरी के लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।
7. स्कूलों के डीन और विशेष केंद्रों तथा केंद्राध्यक्ष स्टाफ और संसाधनों का समन्वय करके सुचारू रुप से पंजीकरण सुनिश्चित करें।
8. छात्र/छात्रा पंजीकरण संबंधी सहायता के लिए अपने संबंधित स्कूल/विशेष केंद्र तथा केंद्रों से संपर्क कर सकते हैं।
9. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, शैक्षिक सत्र 2021-22 से विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए पंजीकरण हेतु एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी)/एपीएएआर आईडी अनिवार्य है। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी एबीसी/एपीएएआर आईडी का सत्यापन कर लें तथा छात्र फ़ोलियो जमा करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि एबीसी/एपीएएआर आईडी में नाम जेएनयू रिकॉर्ड के अनुसार मेल खाता हो। बेमेल या अमान्य आईडी से डिजिलॉकर में ग्रेड अपलोड नही होगा।

   इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

उत्पल देबनाथ

(डॉ. उत्पल कुमार देबनाथ)
परीक्षा नियंत्रक

डॉ. उत्पल कुमार देबनाथ
DR. UTPAL KUMAR DEBNATH
परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examination
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
Jawaharlal Nehru University
नई दिल्ली/New Delhi-110067

सेवा में,

सभी संबंधित

प्रतिलिपिः-

1. सभी सस्थानों के डीन/विशेष केंद्राध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष
2. डीन (छात्र)
3. सभी उप वित्त अधिकारी
4. निदेशक, सीआईएस - अनुरोध है कि इस परिपत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें तथा पंजीकरण लिंक को सक्रिय करें एवं इस परिपत्र को सभी पात्र छात्र/छात्राओं को ई-मेल के माध्यम से भिजवाने की व्यवस्था करें।
5. कुलगुरु के विशेषकार्यधिकारी
6. रेक्टर/कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक के निजी सचिव